**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

लोक सभा

**तारांकित प्रश्न सं. 333***
11 **अगस्त**, 2023 **को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**औषधीय पादपों के पौधों का वितरण**

*333. श्री गिरीश चन्द्र:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने औषधीय पादपों के सतत प्रबंधन के लिए लगभग एक करोड़ औषधीय पादपों के पौधे वितरित किए हैं;
(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में वितरित औषधीय पादपों के पौधों की संख्या और किस्मों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इन औषधीय पादपों के पोषण और इन्हें उगाने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या ऐसे पौधों के जीवित रहने की प्रतिशतता के संबंध में कोई आकलन किया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में** 11 अगस्त, 2023 **को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 333* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): जी हां। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में औषधीय पादप क्षेत्र का संवर्धन करने हेतु आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) अभियान का आयोजन किया है। एकेएएम के अंतर्गत, एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय द्वारा 30 अगस्त, 2021 से एक वर्ष की अवधि के दौरान औषधीय पादपों के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए "आयुष आपके द्वार" क्रियाकलाप के लिए सहयोग प्रदान किया गया।

'आयुष आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत, एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय ने क्षेत्रीय-सह-सुविधा केंद्रों (आरसीएफसी)/राज्य औषधीय पादप बोर्ड (एसएमपीबी) के माध्यम से विथानिया सोम्नीफेरा, एगल मार्मेलोस, एंड्रोग्राफिस पैनिकुलाटा, एस्पेरेगस रेसमोसस, फिलैन्थस एम्बलिका, ओसीमम टेनुइफ्लोरम, टीनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया, एलोवेरा आदि जैसी औषधीय पादप प्रजातियों के लगभग **8345393** पौध उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में विद्यार्थियों, परिवारों और आम जनता के बीच वितरित किए थे। वितरित किए गए औषधीय पादपों की संख्या और विभिन्न प्रजातियों का उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा **संलग्नक** में दिया गया है।

(ग): केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को एकेएएम अभियान हेतु कोई विनिर्दिष्ट वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई है। एसएमपीबी, उत्तर प्रदेश और आरसीएफसी (उत्तरी क्षेत्र-I) के मौजूदा क्यूपीएम/पौधशाला संसाधनों से औषधीय पादपों की पौध का वितरण किया गया है।

(घ): जी नहीं। यह अभियान विशेष रूप से औषधीय पादपों के संबंध में जागरूकता को बढ़ावा देने के संबंध में प्रारम्भ किया गया था।

(ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

संलग्नक

| आयुष आपके द्वार के तहत वितरित औषधीय पादप पौध का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य | वितरित किए औषधीय पादपों की पौध की संख्या | औषधीय पादपों के नाम |
| 1 | अंदमान और निकोबार | 65 | तुलसी, अजवाइन, कालमेघ, लेमन ग्रास, घृतकुमारी। |
| 2 | असम | 2850 | गिलोय, अर्जुन, बहेड़ा, वच आदि। |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 1141 | सतावर, अधतोड़ा, करी-पत्ता, तुलसी, आंवला, गिलोय आदि। |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 1322884 | अशोक, ब्राह्मी, रक्तचंदन, मडुकपर्णी, मेंहदी, लेमन ग्रास आदि। |
| 5 | बिहार | 850 | गिलोय, तुलसी, भुईआंवला, कोलियस, नीम और ब्राह्मी। |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 2137045 | गिलोय, स्टीविया, सतावर, कालमेघ, अश्वगंधा, घृतकुमारी, गुड़मार, तुलसी, ब्राह्मी, पिपली, बेल, आंवला। |
| 7 | चंडीगढ़ | 330 | लेमन ग्रास, एलोय, गिलोय, ब्राह्मी, शतावरी आदि। |
| 8 | नई दिल्ली | 3486720 | गिलोय, अश्वगंधा और तुलसी। |
| 9 | गोवा | 7570 | आंवला, तेजपत्ता, स्टीविया, गार्सिनिया, रक्तचंदन, मोरिंगा। |
| 10 | गुजरात | 308302 | गिलोय, तुलसी, अश्वगंधा, भुईआंवला, घृतकुमारी, गुग्गुलु आदि। |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 240360 | गिलोय, अश्वगंधा, जामुन, हरसिंगार। |
| 12 | हरियाणा | 800 | गिलोय, तुलसी, अश्वगंधा, भुईआंवला, घृतकुमारी। |
| 13 | जम्मू-कश्मीर | 725 | गिलोय, अश्वगंधा। |
| 14 | झारखंड | 400 | तुलसी, इलायची, पिपली आदि। |
| 15 | पुडुचेरी | 2500 | पिपली, नेरगुंडी, अदरक, वासक, तुलसी आदि। |
| 16 | पंजाब | 354247 | अश्वगंधा, गिलोय, लेमन ग्रास, घृतकुमारी, निर्गुण्डी, शतावरी आदि। |
| 17 | केरल | 17964 | तुलसी, इलायची, पिपली, ब्राह्मी, अशोक, करीपत्ता, नीम, निर्गुंडी, आदि। |
| 18 | कर्नाटक | 8203 | नीम, बहुनिया, अशोक, गमेलिना आदि। |
| 19 | मध्य प्रदेश | 81631 | गिलोय, गुग्गुलु, सतावर, अश्वगंधा आदि। |
| 20 | महाराष्ट्र | 66691 | गिलोय, आंवला, अर्जुन, हरड़। |
| 21 | मेघालय | 3000 | मदुकपर्णी, ज़ैंथोक्सिलम, गॉल्थेरिया, लोधरा आदि। |
| 22 | मणिपुर | 50000 | गिलोय, आंवला, अर्जुन, हरड़। |
| 23 | मिजोरम | 10120 | सतावर, आंवला, जड़ी बूटी पेरिस आदि। |
| 24 | ओडिशा | 23700 | तुलसी, अश्वगंधा, गिलोय। |
| 25 | राजस्थान | 57772 | गुग्गुलु, आंवला, बेल। |
| 26 | सिक्किम | 54000 | गिलोय, आंवला, घृतकुमारी, हरड़, बहेड़ा, करीपत्ता, रीठा, स्योनाक आदि। |
| 27 | तमिलनाडु | 40346 | अशोक, नक्स वोमिका, बेल आदि। |
| 28 | पश्चिमी बंगाल | 7680 | तेजपात, स्टीविया, अशोक, गिलोय, तुलसी आदि। |
| 29 | उत्तराखंड | 47236 | कुटकी, बड़ी इलाइची, लेमन ग्रास, तेजपत्ता आदि। |
| 30 | **उत्तर प्रदेश** | **10261** | **गिलोय, अश्वगंधा, जामुन, हरसिंगार आदि।** |
| **कुल वितरित पौध** | | | **8345393** |